सौसर में तेज आंधी के साथ गिरे बेर के आकार के ओले, उड़े टीन शेड

नवभारत न्यूज
सौसर 5 मई – क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जारी आंधी-तूफान का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है।

मंगलवार दोपहर को अचानक मौसम ने करवट ली और सौसर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। तेज आंधी के कारण कई घरों की छत उड़ गई तो कई पेड़ धराशाई हो गए। बारिश के साथ कुछ समय तक तक बेर के आकार के ओले गिरे, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया।

फसलों पर संकट के बादल

अचानक हुई इस ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने क्षेत्र के किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा नुकसान की संभावना संतरा उत्पादक किसानों और सब्जी की खेती

करने वालों को जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि ओलों की मार से संतरे के फूल और फल झड़ने की आशंका है, वहीं तैयार खड़ी साग-सब्जियों को भी भारी क्षति पहुँच सकती है।

तापमान में गिरावट

दोपहर के समय आए इस तूफान के दौरान आसमान में कुछ देर के लिए अंधेरा छा गया।

हालांकि, बारिश और ओलों की वजह से पिछले कुछ दिनों से तप रही गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन कृषि क्षेत्र के लिए यह बदलाव आफत की बारिश बनकर आया है। बहरहाल तेज आंधी के साथ हुई बारिश से खबर लिखे जाने तक जानमाल के नुक़सान की जानकारी नही मिली थी।

एसडीएम प्रियंक मिश्रा ने किया बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज
सौसर 05 मई – एसडीएम प्रियंक मिश्रा द्वारा मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की कार्यप्रणाली, मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा: निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता, जल निकासी (ड्रेनेज), सड़कों की स्थिति, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। किसी भी तकनीकी या बुनियादी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

उद्यमियों से संवाद कर किया समाधान: श्री मिश्रा ने औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्र का सुव्यवस्थित संचालन क्षेत्रीय आर्थिक प्रगति का आधार है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

प्रदूषण नियंत्रण पर सख्त रुख

निरीक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु पर्यावरण सुरक्षा रहा। एसडीएम ने इकाइयों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD) प्रणाली की कार्यक्षमता का परीक्षण किया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में प्रदूषित जल का बहाव परिसर से बाहर नहीं होना चाहिए। नवभारत से चर्चा में श्री मिश्रा ने कहा कि क्षेत्रीय विकास के लिए उद्योगों का संचालन आवश्यक है, लेकिन पर्यावरणीय मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण के मानकों की जांच के लिए मौके पर प्रदूषित पानी की सैंपलिंग की गई, जिसे परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं राजस्व अमला मुख्य रूप से उपस्थित रहा।

775 छात्र देंगे 7 मई से कक्षा दसवीं एवं बारहवी के बोर्ड की सप्लीमेंट्री के पेपर

नवभारत न्यूज,पांढुरना,5 मई, कक्षा दसवी एवं बारहवी की सप्लीमेंट्री की परीक्षा आगामी 7 मई से प्रारंभ हो रहीं है,नगर जिला मुख्यालय में संदीपनी स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया है,जहां कक्षा दसवीं के 328 तथा बारहवी के 447 छात्र परीक्षा देंगे,परीक्षा की पूर्व तैयारियों को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। गौरतलब हो कि मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल द्वारा ली गई कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में जिन छात्रों को सप्लीमेंट्री आई है ऐसे छात्रों को द्वितीय अवसर के तहत 7 मई 2026 से परीक्षा ली जा रहीं है,प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के तहत पांढुरना ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के कक्षा दसवीं के 328 एवं कक्षा बारहवीं के 447 छात्र परीक्षा देंगे,इन सभी छात्रों के परीक्षा के लिए पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल में एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां 775 छात्र द्वितीय अवसर का पेपर देंगे,इन छात्रों को परीक्षा देंने के लिए शिक्षा मंडल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां की जा रहीं है।

विभागीय सूत्रों की माने तो कक्षा 10वी का प्रथम पेपर भाषा हिंदी का तो वहीं कक्षा 12 वी का प्रथम पेपर बायोटेक्नोलॉजी का होगा,कक्षा दसवीं के पेपर 7 मई से प्रारंभ होकर 19 मई तक चलेंगे,वहीं कक्षा बाहरवी के पेपर 7 मई से प्रारंभ होकर 25 मई 2026 तक चलेंगे। यह सभी पेपर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिए जाऐंगे।

जिले में 3637 घरों में हुआ गृह-गृह यज्ञ

विश्व शांति और वातावरण परिशोधन हेतु बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष आयोजन

नवभारत न्यूज़ सौंसर 5 मई. विश्व शांति और वातावरण परिशोधन के निमित्त बुद्ध पूर्णिमाके पावन अवसर पर सम्पूर्ण पांढुरना जिले में 3637 घरों में यज्ञ संपन्न हुए। जिला समन्वयक शंकरराव घोड़की ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में सभी तहसील समन्वयकों, शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चरण पीठ एवं चेतना केंद्रों ने अपने स्तर पर सतत प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने इस पुण्य कार्य में सहभागी होकर अपना समय एवं श्रम का नियोजन किया। इस सामूहिक प्रयास के लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

लोधीखेड़ा आंगनवाड़ी बच्चों का पोषण क्लिनिक में स्वास्थ्य परीक्षण, 19 बच्चों की जांच

नवभारत न्यूज़ सौंसर 5 मई. नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज, 5 मई 2026 को पोषण क्लिनिक का आयोजन किया गया। क्लिनिक में लोधीखेड़ा नगर के समस्त वार्डों के दर्ज कुपोषित, अति कुपोषित तथा गंभीर कुपोषित बच्चों की जांच डॉ. अलका जैन द्वारा की गई। डॉ. जैन ने उपस्थित हितग्राहियों को आवश्यक सलाह एवं समझाइश दी तथा दवाइयां वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 19 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास, सौंसर की पर्यवेक्षक श्रीमती निशा पुरिया तथा नगर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा वर्कर उपस्थित थीं।

जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज़
सौंसर 5 मई. जिला छिन्दवाड़ा/पांढुरना के जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल के गौरवपूर्ण सेवानिवृत्ति के अवसर पर विकासखण्ड सौंसर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारीगण द्वारा स्थानीय जायसवाल लॉन, सौंसर में एक भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक विजय चौरे थे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री (स्कूल शिक्षा) नानाभाऊ मोहोड़, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि फारूखी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन एवं शारदा वंदना गणेश परतेती द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि विधायक श्री चौरे एवं पूर्व मंत्री मोहोड ने कहा कि श्री बघेल के कार्यकाल में अपने विचार रखे।विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री भ गावंडे ने कहा कि श्री बघेल का मार्गदर्शन सदैव शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक रहा है। उनके नेतृत्व में विकासखण्ड सौंसर में कई शैक्षणिक गतिविधियों एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। प्राचार्य शैलजा बत्रा, लहू सरोदे, आशीष जायसवाल, सदाशिव खंडाइत ने डीईओ बघेल को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए बधाई दी।

इस अवसर पर गोपाल सिंह बघेल ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में कार्य करना उनके लिए गौरव एवं संतोष का विषय रहा है। उन्होंने सभी से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इस गरिमामयी अवसर पर प्राचार्य आलिया अली, विजय कुमार धुरडे, संदीप जायसवाल, संजय गवनेकर, प्रमोद लोनारे, लहू सरोदे, कीर्तिसागर बागडे, शशि वाहाने, राजेश भोजने* एवं विकासखण्ड सौंसर के समस्त प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के तहत विविध कार्यक्रम संपन्न

पांढुर्णा। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ तथा जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं विकासखण्ड समन्वयक दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति तथा ग्राम गुजरखेड़ी प्रस्फुटन समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन के सामूहिक लक्ष्य की प्राप्ति हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही प्यासे पंछियों के लिए पेड़ों पर जल पात्र लटकाए गए। विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे ने ग्रामीणों को इन जल पात्रों को प्रतिदिन भरने का दायित्व सौंपते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व से अवगत कराया।

एसडीएम प्रियंक मिश्रा द्वारा सौसर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

उपार्जन व्यवस्थाओं की समीक्षा कर किसानों की सुविधा हेतु दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज
सौसर 05 मई – एसडीएम प्रियंक मिश्रा द्वारा आज कृषि उपज मंडी सौसर का निरीक्षण कर प्रचलित उपार्जन कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर में किसानों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उपज की खरीदी प्रक्रिया तथा समग्र व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से उनकी उपज का विक्रय सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या विलंब की स्थिति न बने।

उन्होंने मंडी परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि दूर-दराज से आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही उपज की तौल कार्य को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने, तौल कांटों की नियमित जांच करने तथा निर्धारित मानकों के अनुसार ही तौल प्रक्रिया संपन्न करने के निर्देश भी दिए।

श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन कार्यों के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसानों को शीघ्र एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना प्राथमिकता है, अत: सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांदीपनी स्कूल के 47 छात्रों को दी नि:शुल्क साइकिल

नवभारत न्यूज, पांढुरना,5मई, छात्रों को स्कूल जाने-आने के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली निशुल्क साइकिल योजना के तहत आज मंगलवार को नगर के संदीपनी स्कूल के पात्र 47 छात्रों को जनप्रतिनिधियों तथा प्राचार्य के हस्ते साइकिल दी गई,जिसे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों को स्कूल जाने-आने के लिए दी जाने वाली महत्वाकांक्षी निशुल्क साइकिल योजना के तहत मंगलवार को नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल के एक सादा किन्तु गरीमामयी कार्यक्रम आयोजित कर पात्र 47 छात्रों को नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,जिला भाजपा संगठन के उपाध्यक्ष ठाकुर उज्जवल सिंह चौहान,पार्षद सोनू बागड़े,महेंद्र घोड़े,प्रदीप कामदार ,स्कूल के प्राचार्य श्री सी.एस.बरेठ,प्रदीप डोबले,आदि शिक्षकों के प्रमुख उपस्थित में यह सायकल दी गई,जिसे पाकर छात्र खुशी से झूम उठे,सभी छात्रों ने कहा कि अब वे नियमित रूप से स्कूल जाने के साथ ही मन लगाकर पढ़ाई कर अच्छें अंकों से पास होंगे।

सरपंच श्रीमती शेंड़े तथा जनपद सदस्य सुश्री सुमित्रा मौजे के प्रयासों से ग्राम में विकास कार्यों को मिल रहीं गति

नवभारत न्यूज,
बड़चिचोली,5मई, ग्राम पंचायत बड़चिचोली की सरपंच श्रीमती भारतीबाई शेंड़े एवं जनपद सदस्या सुश्री सुमित्रा मौजे के अथक प्रयासों के चलते ग्राम में तेजी से विकास कार्यों किए जा रहे है,जिससे जहां एक और ग्राम में सौंदर्यीकरण के साथ ग्रामीणों को सुविधाएं तथा शासन की योजनाओं का भरपुर लाभ मिल रहा है,इन जनप्रतिनिधियों के कार्यों की ग्राम में सर्वेत्र मुक्त कंठ से सराहना कि जा रहीं है । ग्राम तथा जनपद पंचायत के बीते चुके साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत बड़चिचोली की सरपंच श्रीमती भारतीबाई शेंड़े एवं जनपद सदस्या सुश्री सुमित्रा मौजे द्वारा आपस में विचार विर्मश कर आपसी सहमती से ग्राम में विकास कार्य कराए जा रहे है,जिससे जहां एक और ग्राम में सौदर्यीकरण के साथ ही ग्रामीणों को बहुत अधिक सुविधाए मिल रहीं है। ग्राम में दिखाई दे रहे विकास कार्यों में मुख्य रूप से सरपंच द्वारा ग्राम के प्रत्येक वार्डों में लोगों की सुविधाओं के लिस सिमेंट्रीकृत सडक़े,निस्तारी के पानी के लिए नालिया,पेयजल टंकी के बाउंड्रीवाल भी प्रस्तावित है। वहीं शासन से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का ग्राम के पात्र हितग्राहियों को लांभवित किया जा रहा है,जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना,परिवार सहायता,संबल योजना से संबधित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाई जा रहीं है।

इसी प्रकाश जनपद सदस्या सुश्री सुमित्रा मौजे द्वारा जनपद निधी के माध्यम से सिमेंट्रीकृत सडक़े,कब्रस्थान की बाउन्ड्रीवाल, बौध्द विहार में सौंदर्यीकरण,इंदिरा नगर के उद्यान में चेकर,बाजार चौक में पेयजल टंकी के साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देंने घर-घर जाकर दे रहीं है,क्षेत्र की जनता के साथ उनका जिवंत जनसंपर्क बना हुआ है,जिससे वह सभी में लोकप्रिय बनी हुई है। इन दोनों ही जनप्रतिनिधियों की जुगलबंधी से ग्राम में हो रहे विकास कार्य क्षेत्र में अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने है,ग्रामीणों द्वारा इनके कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की जा रहीं है।

एमबीएस डिग्री हासिल कर डॉ. उद्येश डांगे ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

गांव बानाबाकोडा में हुआ भव्य स्वागत, ग्रामीणों में हर्ष का माहौल

नवभारत न्यूज़
पिपला नारा 5 मई. ग्राम बानाबाकोडा के होनहार युवा डॉ. उद्येश डांगे ने एमबीएस की कठिन पढ़ाई पूरी कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते दिवस उनकी इस उपलब्धि पर गांव में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. डांगे को फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह आयोजन गांव के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों द्वारा गुरुदेव का साहित्य वितरित कर ज्ञान, संस्कार और सेवा भाव का संदेश दिया गया। साथ ही गायत्री मंदिर में सामूहिक जप एवं प्रार्थना का आयोजन कर डॉ. डांगे को आशीर्वाद दिया गया।

डॉ. उद्येश, शासकीय उमा विद्यालय बानाबाकोडा के सेवानिवृत्त प्राचार्य रत्नाकर पाटिल डांगे के सुपुत्र हैं। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज, विदिशा से एमबीएस की पढ़ाई पूर्ण की है। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. डांगे की यह उपलब्धि साबित करती है कि मेहनत, लगन और संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।